UK Health Security Agency

NHS



## अपने बच्चे के

# COVID-19 के टीकाकरण के बाद क्या उम्मीद करें



## पांच से ग्यारह वर्ष के बच्चों के माता-पिता के लिए निर्देश

nhs/CovidVaccine पर अधिक जानकारी प्राप्त करें



# NHS सभी उपयुक्त बच्चों के लिए Covid-19 का प्रस्ताव दे रहा है।

यह लीफलेट आपको बताता है कि अपने बच्चे का टीकाकरण हो जाने के बाद क्या उम्मीद करना है।

## दुष्प्रभाव

सभी औषधियों की तरह, टीका दुष्प्रभावों का कारण हो सकता है। उनमें से अधिकांश हल्के लक्षण और थोड़े समय के होते हैं और वे सभी बच्चों को नहीं होते।  बहुत सामान्य दुष्प्रभाव केवल एक या दो दिन रहते हैं। टीके की दूसरी खुराक के बाद Pfizer के टीके की प्रवृत्ति अधिक दुष्प्रभाव कारण होने की होती है।

पहले एक या दो दिन के बहुत सामान्य दुष्प्रभावों में शामिल हैं:

- उस हाथ में जहां इंजेक्शन लगा है, दर्द, भारीपन और  कोमलता का अनुभव
- थकान का अनुभव
- सिरदर्द, दर्द और ठंड

उनको एक या दो दिन के लिए कंपकंपी और थरथरी के साथ बुखार जैसे लक्षण भी हो सकते हैं। हालांकि, एक उच्च तापमान का संकेत यह भी हो सकता है कि उनको COVID-19 या अन्य संक्रामण है।

उनको आराम करना चाहिए। उनको बेहतर महसूस करने में सहायता के लिए आप उनको पैरासिटामोल दे सकते हैं। कृपया जांच कर लें कि पैरासिटामोल की खुराक और प्रकार उनकी आयु के लिए सही है।

आप यहां www.nhs.uk/medicines/paracetamol-for-children पर पैरासिटामोल के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

एक असमान्य दुष्प्रभाव हाथ की उसी ओर जहां पर टीका लगा है, कांख (armpit) या गर्दन सूजी हुई गांठ हो सकती है। यह लगभग 10 दिन तक रह सकता है, लेकिन यदि अधिक लंबा रहता है तो अपने डॉक्टर को दिखाएं।

## यदि आप उनके लक्षणों के बारे में चिंतित हैं तो क्या करें

आमतौर पर ये लक्षण एक सप्ताह से कम समय के लिए रहते हैं। यदि ये लक्षण अधिक खराब दिखाई देते हैं या यदि आप चिंतित हैं तो NHS 111 को कॉल करें। यदि आप एक डॉक्टर या नर्स से सलाह लेते हैं, तो आप उनको उनके टीकाकरण के बारे में ज़रूर बताए (उनको टीकाकरण कार्ड दिखाएं) जिससे वे आपके बच्चे का उपयुक्त आंकलन कर सकें।

आप टीकाकरण का संदिग्ध दुष्प्रभावों और दवाओं की रिपोर्ट Yellow Card scheme या the Yellow Card app डाउनलोड के द्वारा भी कर सकते हैं।

**coronavirus-yellowcard.mhra.gov.uk**

## क्या अन्य अधिक गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं?

हाल में, COVID-19 टीके के बाद हृदय (Heart) में सूजन (myocarditis या pericarditis कहा जाता है) के दुर्लभ मामले रिपोर्ट किए गए हैं।

ये मामले अधिकांश युवा पुरुषों में टीकाकरण के बाद कुछ ही दिनों में देखे गए हैं। इनमें से अधिकांश लोग आराम और सरल उपचारों के बाद जल्दी ठीक हो गए और बेहतर महसूस करने लगे।

यदि आपका बच्चा निम्नांकित अनुभव करता है तो फौरन चिकित्सीय सलाह लेना चाहिए:

- छाती में दर्द
- सांस लेने में कठिनाई
- हृदय का तेजी से धड़कने, फड़फड़ाने या तेजी से सांस चलने का आभाव

## क्या आपके बच्चे को टीके से COVID-19 हो सकता है?


आपके बच्चे को टीके से COVID-19 नहीं हो सकता लेकिन यह संभव है कि COVID-19 हो जाए और टीकाकरण के अपॉइंटमेंट के बाद तक यह पता न हो कि उनको लक्षण हैं।

COVID-19 के सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्षण निम्नांकित में किसी के हाल की शुरुआत के हैं:

- नई लगातार खांसी
- तेज तापमान
- उनके स्वाद या गंध (anosmia) के सामान्य अनुभव की हानि या बदलाव

यद्यपि टीकाकरण के एक या दो दिन के भीतर बुखार आ सकता है, फिर भी यदि आपके बच्चे को COVID-19 के कोई अन्य लक्षण हैं या बुखार लंबा रहता है, तो घर पर रहें और जांच की व्यवस्था करें।

## आगे क्या करें




अपने बच्चे के टीकाकरण के बाद, आपको एक रिकॉर्ड कार्ड दिया जाना चाहिए। यदि आपके बच्चे को दूसरी खुराक की जरूरत है तो अगला अपॉइंटमेंट लगभग 8 से 12 सप्ताह में होगा। दूसरी खुराक उनको अधिक लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा देगी।

**अपने बच्चे का रिकॉर्ड कार्ड सुरक्षित रखें। अगर आपके बच्चे को दूसरी खुराक की जरूरत है, अगला अपॉइंटमेंट लेना न भूलें।**

## यदि आपका बच्चा अपॉइंटमेंट के लिए स्वस्थ नहीं है

यदि आपका बच्चा अस्वस्थ है, तो यह बेहतर है उनके टीके के लिए उसके उबरने तक प्रतीक्षा करें।

यदि आपका बच्चा स्वयं-एकांतवास (self-isolating) में है या एक COVID-19 टेस्ट का प्रतीक्षा कर रहा है तो उसे टीका अपॉइंटमेंट में शामिल नहीं होना चाहिए। नियमित रूप से आपको अपने बच्चे के पोसिटिव COVID-19 टेस्ट के 12 सप्ताह या आपके बच्चे के उच्च जोखिम के कम से कम 4 सप्ताह बाद तक प्रतीक्षा करनी चाहिए।

## क्या टीका आपके बच्चे की रक्षा करेगा?

आपके बच्चे को जो COVID-19 टीका दी गई है, उसे COVID-19 बीमारी से पीड़ित होने की संभावना को कम करने के लिए दिखाया गया है।

पूरी दुनिया में टीके की लाखों ख़ुराक दी जा चुकी हैं। टीका बच्चों और युवाओं के लिए अत्यधिक प्रभावी है।

यह टीक आपके बच्चे के शरीर को सुरक्षा के लिए तैयार करने में कुछ सप्ताह ले सकता है। सभी औषधियों की तरह, कोई भी टीका पूरी तरह से प्रभावी नहीं होता है, इसलिए अपने बच्चे को संक्रमण से बचाने के लिए उचित सावधानियां बरतनी जारी रखनी चाहिए।

कुछ बच्चे टीकाकरण के बावजूद COVID-19 के शिकार हो सकते हैं, लेकिन वह कम घातक होना चाहिए।

## आपका बच्चा उनको टीका लगने के बाद क्या कर सकता है

टीका आपके बच्चे को COVID-19 संक्रमण नहीं दे सकता, और यह बीमार होने के अवसर कम करेगा।

मौजूदा राष्ट्रीय निर्देश का पालन करना जारी रखना अभी भी अहम है। टीका लगने के बाद, आपका बच्चा स्कूल जाना जारी रख सकता है।

स्वयं और अपने परिवार, मित्र, सहकर्मियों का बचाव करने के लिए आपको अभी भी निम्नांकित करना चाहिए:

- सामाजिक दूरी के बारे में सोचे
- जहां सलाह दी जाए फेस मास्क पहने
- अपने हाथों को सावधानीपूर्वक और लगातार धोते रहें
- ताजी हवा के लिए खिड़कियां खुली रखें
- मौजूदा निर्देशों का पालन करें (gov.uk/coronavirus)



## COVID-19 कैसे फैलता है

COVID-19 नाक या मुंह से, विशेष रूप से बोलते या खांसते समय सांस की बूंदों के ज़रिए फैलता है। यह संक्रमित वस्तु और सतह के संपर्क में आने के बाद अपनी आंख, नाक और मुंह को छूने से भी हो सकता है।

## अन्य सूचनाएं

Coronavirus Yellow Card वेबसाइट पर संभावित दुष्प्रभाव सहित, टीके के बारे में अधिक विवरणों के लिए कृपया उत्पाद सूचना लीफलेट पढ़ें।

आप Yellow Card app डाउनलोड करके या उसी वेबसाइट पर संदिग्ध दुष्प्रभावों की रिपोर्ट भी दर्ज कर सकते हैं। www.nhs.uk/conditions/coronavirus-covid-19/coronavirus-vaccination। पर आगे की जानकारी उपलब्ध है।





© Crown copyright 2022. V1 1p 500K JAN 2022 (APS)
UK Health Security Agency gateway number: 20211180.
Product code: C22W511HI Hindi.

This leaflet is also available as an Easy Read version, braille, large print, and in Albanian, Arabic, Bengali, Bulgarian, Chinese, Estonian, Greek, Gujarati, Hindi, Panjabi, Latvian, Lithuanian, Polish, Portuguese Brazilian, Romany, Romanian, Russian, Somali, Spanish, Turkish, Twi, Ukrainian and Urdu paper copies.

इस लीफलेट की अधिक प्रतियों का ऑर्डर देने के लिए www.healthpublications.gov.uk पर विजिट करें या 0300 123 1002 (सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक, सोमवार से शुक्रवार) पर फोन करें।